metadata, citation and similar papers at core.ac.uk
brought to you by CORE
provided by CMFRI Digital Repository



# मान्नार की खाडी और पाक खाडी में तिमियों का धंसन

भारत के दक्षिणपूर्व तटों में मान्नार की खाडी और पाक खाडी में दिसंबर 2005 और अगस्त 2006 के दौरान तिमियों का लगातार धंसन हुआ था।

रामेश्वरम के उत्तर भाग में स्थित नरिकुष़ी में पाक खाडी पर 27-12-2005 को एक मादा बालीन तिमि *बालिनोप्टीरा* जाति को धंसी हुई पायी गयी थी। इसका अचेत शरीर सडी हुई अवस्था में थी। पूछ पर चोट लगा हुआ था और जालों की टुकडे चिपक हुए थे। ऐसा अनुमान किया गया कि यह तिमि बडे आनायकों में प्रयुक्त मज़बूत जाल में फंसकर दबाव से मर गयी होगी और शक्त धाराओं में पडकर तट पर धंस गयी होगी। इस तिमि शव की कुल लंबाई लगभग 14.9 मी और परिधि 6.4 मी थी। इसका भार लगभग 15-20 टन था

दिनांक 1-5-2006 को मंडपम में मान्नार की खाडी में एक नर बालीन तिमि *बालिनोप्टीरा* जाति का शव देखा गया था। इसका शरीर बहुत बुरी तरह सडा हुआ था कि कहीं कहीं कंकाल दृश्यमान था। इसकी कुल लंबाई 13.70 मि मी और गहराई 3.80 मी थी। भार लगभग 12 टन था।

रामेश्वरम में अग्नितीरम समुद्र तट पर 20-1-2006 को एक छोटी मादा स्पेर्म तिमि *फीसेटर माक्रोसेफालस* सजीव अवस्था में धंस गयी। वन अधिकारियों ने मछुआरों की सहायता से इसे गभीर जल में वापस भेज दिया। लेकिन अगले दिवस यह फिर से सजीव अवस्था में पत्तन न्यास कार्यालय के पास धंस गयी। और एक बार भी इसको समुद्र में वापस भेजने के लिए प्रयास करने पर भी दिनांक 3-1-2006 को शाम के समय इसको मृत अवस्था में तट पर पायी गयी। इसके शरीर की कुल लंबाई 3.3 मी और परिधि 1.8 मी थी।

दिनांक 17-7-2006 को पाम्बान के निकट कुण्डुक्कल में मान्नार की खाडी पर एक नील तिमि *बालिनोप्टीरा मस्कुलस* को धंसा हुआ पाया गया। यह 20 मी लंबाई का एक नर नमूना था। दिनांक 4-8-2006 को हेर द्वीप में मान्नार की खाडी पर *बालिनोप्टीरा* वंश के एक तिमि का धंसन देखा गया। इसका शरीर बहुत बुरी तरह सडा हुआ था कि जाति निर्धारण नहीं कर पाया। कुण्डुक्कल समुद्र तट में मान्नार की खाडी पर 8 अगस्त 2006 को और एक तिमि भी सडी हुई अवस्था में धंस गया था।

**मुख्य शब्द/Keywords**

तिमि - whale

**पत्रव्यवहार**

**वी.वी. अफ्सल और एम. राजगोपाल**

सी एम एफ आर आइ मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम, तमिलनाडु